हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 22 अगस्त, 2019/31 श्रावण, 1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 60

सामुदायिक भवन

*1282 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ने प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में सामुदायिक भवन बनाने का निर्णय लिया था;

(ख) यदि हां, तो इनका निर्माण कार्य किन-किन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारम्भ किया गया है; और

(ग) यह सत्य है कि कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की तकीपुर पंचायत ब्लॉक कांगड़ा में बनने वाले सामुदायिक भवन हेतु धनराशि का प्रावधान किया गया था; यदि हां, तो उसे व्यय न करने के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें?

चालक/सह-चालक भर्ती

*1283 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक वाहन चालक/सह चालक की भर्ती हेतु कितनी बार और कब साक्षात्कार हुए;

(ख) इन साक्षात्कारों द्वारा चयनित कितने प्रार्थियों को नियुक्ति प्रदान की गई; प्रार्थियों के पते सहित ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि अपात्र उम्मीदवारों को भी नियुक्तियां प्रदान की गई हैं; यदि हां, तो सरकार दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई कर रही है?

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धुलाड़ा

*1284 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धुलाड़ा के भवन निर्माण हेतु भूमि विभाग के नाम स्थानान्तरित हो चुकी है; यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

सीमेंट के दाम

*1285 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक सीमेंट के दामों में कितनी बढ़ोतरी हुई और दामों में हो रही अप्रत्याशित बढ़ोतरी को रोकने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

BPL Free Panchayats

*1286 Sh. Ashish Butail (Palampur):

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how many Panchayats under Development Block Bhawarna, Baijnath and Panchrukhi have no person/family under BPL; also provide the list of persons/families struck off from the BPL list;

(b) is there any provision to provide special financial reward/incentive to such Panchayats which become BPL free; and

(c) how many appeals have been received from persons/families who have been struck off from the BPL list under Bhawarna, Baijnath and Panchrukhi Development Blocks?

सड़क निर्माण

*1287 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी किलोमीटर सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नाबार्ड व मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत बनाई गईं; ब्यौरा सड़क के नाम व योजनावार दें?

Lift Irrigation Scheme Pooh

*1288 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state what is the command area of LIS Pooh; a copy of DPR be laid on the Table of the House?

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

*1289 **कर्नल इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**
श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :
श्री विनोद कुमार(नाचन) :

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दिनांक 01.01.2018 से 30 जून, 2019 तक 70 वर्ष से अधिक आयु के कितने बुजुर्गों, अपंगों, विधवाओं, परित्यक्त एवं एकल नारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की गई तथा कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ख) यह सत्य है कि सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को, जो पूर्णतया दूसरों पर आश्रित/निर्भर हैं, 2000/- रुपये पेंशन देने का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो इस अवधि के दौरान कितने लोगों को यह पेंशन स्वीकृत की गई तथा कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ग) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में इस अवधि में कितनी नई वृद्धावस्था, अपंग, विधवा, परित्यक्त एवं एकल नारी पेंशनें स्वीकृत की गई हैं; ब्यौरा दें?

वर्षा से नुकसान

***1290 श्री राजेश ठाकुर(गगरेट) :**
श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक प्रदेश में भारी वर्षा के कारण कितना नुकसान हुआ; इसकी भरपाई हेतु केंद्र से कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा यह धनराशि कहां-कहां व्यय की गई; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) भू-संरक्षण मण्डल गगरेट के अन्तर्गत तटीयकरण के कार्य को कितना नुकसान हुआ है; ब्यौरा दें?

Lease of Land

***1291 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many applications have been received by the Government for lease of land within 30 Km radius of Shimla City; a list with names of organizations or individuals be given;

(b) what is the total area of land applied for lease by these applicants and what is the nature of land; and

(c) whether the forest land can be given on lease; if yes, what are the terms and conditions set for the same?

Sanctioning of Funds

***1292 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last two years upto 31.07.2019, how much funds have been sanctioned under PMGSY, NABARD, CRF and other State and Central Agencies; division-wise details be given?

भवन निर्माण

***1293 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

Waste Management Plant

***1294 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that during the last two years, what steps have been taken by the Government for the modernization of Waste Management Plant at Bharyal,Totu; details be given?

भूमि का आवंटन

***1295 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि बनलगी (कृष्णगढ़) में उद्योग स्थापित करने हेतु भूमि का आवंटन किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो सरकार यहां पर उद्योग स्थापित करने हेतु क्या पग उठा रही है ?

कृषि कार्यालय

***1296 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग के कितने कार्यालय कार्यरत हैं; नाम सहित ब्यौरा दें; इनमें कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं; और

(ख) इन संस्थानों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

उप-मण्डल निहरी

*1297 **श्री राकेश जम्वाल(सुन्दरनगर) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य उप-मण्डल निहरी को सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल करसोग से निकालकर सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल सुन्दरनगर में सम्मिलित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) सरकार निहरी में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग का विश्राम गृह बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसमें कितने कमरों का निर्माण किया जाएगा; ब्यौरा दें?

जालफ-भराड़ी सड़क

*1298 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जालफ-भराड़ी सड़क नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत हुई है; यदि हां, तो इसका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

Radiologist की तैनाती

*1299 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नागरिक अस्पताल अम्ब में अल्ट्रासाउंड मशीन चलाने के लिये Radiologist कब तक तैनात कर दिया जायेगा?

Honorarium of SPOs

*1300 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many SPOs are employed in the Pradesh; District-wise details be given;

(b) how much honorarium/salary are they being paid at present; and

(c) will the Government consider to bring them at par with the adjoining States in terms of their honorarium/salary?

टाटा इंडिकॉम टावर

***1301 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नगर परिषद् श्री नैनादेवी जी के अन्तर्गत सरकारी भूमि पर मैसर्ज़ टाटा इंडिकॉम मोबाइल नेटवर्क कंपनी ने टावर लगाया था;

(ख) यदि हां, तो तहसीलदार स्वारघाट ने इस मामले में भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत बेदखली के आदेश दिए थे;

(ग)यदि हां, तो इस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; और

(घ) इस कम्पनी से कितनी धनराशि वसूल की गई; ब्यौरा दें?

33/11 KV Electrical Sub-Stations

***1302 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Governmnet is going to construct 33/11 K.V. Electrical Sub-Stations at Gasota (Lambloo); Likhali; Khagal ; Jhhaniara; Patlander in Hamirpur District; and

(b) if yes, what is the latest position of these Sub-Stations?

LADA Funds

***1303 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last three years upto 31-07-2019, how much funds of LADA have been received from various Hydro Power Projects; year-wise details of distribution of such funds to Panchayats and local bodies and unspent money lying with these agencies be given?

ग्रामीण विद्या उपासक

***1304 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में दिनांक 31-07-2019 तक शिक्षा विभाग में कितने ग्रामीण विद्या उपासक कार्यरत हैं;

(ख) यह सत्य है कि ग्रामीण विद्या उपासक व प्राथमिक सहायक अध्यापक के पे स्केल में विसंगति है; यदि हां, तो सरकार इस विसंगति को दूर करने हेतु क्या पग उठा रही है?

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

***1305 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार समरकोट एवं चिड़गांव आई0टी0आई0 में नए ट्रेड खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) इन आई0टी0आई0 के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

Lift Water Supply Schemes

***1306 Sh. Hoshyar Singh (Dehra):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) what is the methodology of distribution of funds under NABARD for the ongoing Lift Water Supply Schemes; and

(b) during the year 2019 upto 31.07.2019, how much funds have been sanctioned to those NABARD approved LWSS which are near completion?

पदपूर्ति

***1307 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में कनिष्ठ अभियन्ताओं व फील्ड स्टाफ के कितने पद रिक्त हैं और इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

स्वीकृत पद

***1308 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बंजार एवं सैंज में स्वास्थ्य संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा उन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही हैं?

सब्जी मण्डी

***1309 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग में सब्जी मण्डी के निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हाँ, तो इसका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा?

सब-जज कोर्ट

***1310 श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ने जयसिंहपुर में सिविल जज कोर्ट खोलने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो जब तक कोर्ट का भवन नहीं बनता तब तक सरकार इसे अस्थायी रूप से उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक) के कार्यालय में चलाने का विचार रखती है?

CA Store

***1311** **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government has decided to construct C.A. store at Rampur; and

(b) if yes, what is the latest position of Jhangur (Nankhari) C.A. Store?

सब्जी मण्डी नेरचौक

***1312** **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरचौक में सब्जी मण्डी के निर्माण हेतु क्या पग उठा रही है?

सड़क निर्माण

***1313** **श्री किशोरी लाल (आनी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में गत वर्ष 31-07-2019 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितनी सड़कों का निर्माण किया गया है; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार ने सैंज-लूहरी-औट-NH 305 की अधिसूचना कब जारी की थी; इस सड़क की DPR बन चुकी है तथा वन विभाग की भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है; और

(ग) सरकार सराहन-बठाहड़ वाया बशलेऊ जोत सड़क निर्माण करने का विचार रखती है?

ए0 एन0 एम0 की रिक्तियां

***1314** **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में आयुर्वेद विभाग में ANM के कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें से कितने रिक्त हैं; और

(ख) राजीव गांधी आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में ANM के कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने सरप्लस हैं; ब्यौरा दें?

आय के स्त्रोत

*1315 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने प्रदेश में आय के स्त्रोत बढ़ाने व रोजगार सृजित करने हेतु कौन-कौन से क्षेत्र चिन्हित किए हैं; ब्यौरा दें?

बस सुविधा

*1316 **श्री पवन नैय्यर (चम्बा)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चम्बा डिपो में कितनी बसें निर्धारित माइलेज पूर्ण कर चुकी हैं; कितनी बसों की वैल्यू जीरो हो चुकी है और सरकार नई बसें उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

छात्रवृत्ति घोटाला

*1317 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश सरकार ने छात्रवृत्ति घोटाले की जाँच सी0 बी0 आई0 को सौंपी है;

(ख) इस घोटाले में सरकार ने अपने स्तर पर कितने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज किए या विभागीय कार्रवाई की; और

(ग) छात्रवृत्ति से वंचित रहे छात्रों को क्षतिपूर्ति हेतु क्या पग उठाए गए हैं?

Vacancy Position

*1318 **Sh. Ashish Butail (Palampur)**:

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) how many Nagar Panchayats, Municipal Committees, Municipal Corporations and Urban Notified Area Committees have been constituted in the State and how much funds have been provided to each body since 01.01.18 till date; and

(b) how many posts of staff have been created in each body; category-wise break up of posts filled/vacant be given?

Police Contingent

***1319** **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that Police contingents are permanently posted in village Ribba since last 2 years; if yes, under what circumstances they are detailed in village Ribba; and

(b) is it also a fact that the Police contingents detailed at Ribba are occupying one set of P.W.D. Rest House for the last 2 years without paying any rent?

आपराधिक मामले

***1320** **कर्नल इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**
श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में 01 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2019 तक स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एन0 डी0 पी0 एस0) तथा क्रिमिनल एक्ट के तहत कितने-कितने मामले दर्ज किए गए हैं;

(ख) प्रदेश में सरकार द्वारा एन0 डी0 पी0 एस0 ब्यूरो का गठन किया गया है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) गत तीन वर्षो में प्रदेश में कितने नशा निवारण केंद्र खोले गए हैं; ब्यौरा दें?

प्राकृतिक आपदा से मृत्यु

***1321** **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक सड़क दुर्घटना, सांप के काटने, पेड़ से गिरने, पानी में डूबने व बिजली का करंट लगने से कितने लोगों की मृत्यु हुई है; जिलावार सूचना दें; और

(ख) प्राकृतिक आपदा से मृत्यु उपरान्त सरकार से मिलने वाली धनराशि कितने प्रभावित परिवारों को दी गई है; कितने मामले लम्बित हैं; जिलावार ब्यौरा दें?

पशु औषधालयों का उन्नयन

*1322 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष दिनांक 31-07-2019 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय केन्द्रों का उन्नयन किया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) उन्नयन किए गए पशु औषधालय केन्द्रों में कितने पद सृजित किये गये हैं; ब्यौरा दें?

पत्रकारों को पेंशन

*1323 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार प्रदेश में कार्यरत पत्रकारों को हरियाणा की तर्ज पर पेंशन सुविधा देने का विचार रखती है; और

(ख) जिला स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तर्ज पर ही उप-मंडल स्तर पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को भी लैपटॉप वितरित करने का विचार रखती है?

NOC for Meetings

*1324 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that a notification has been issued for seeking NOC from the S.P. Shimla for holding political, social, trade union and cultural meetings in Shimla town; and

(b) if yes, under what provisions of law has this notification been issued?

Vacancy Position

***1325 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of Doctors and para-medical staff are lying vacant in various health institutions in District Sirmour;

(b) what steps have been taken by the Government to fill up the vacant posts; and

(c) how many employees are on deputation with other health institutions; details be given?

नगर पंचायत का पुनः पंचायतों में परिवर्तन

***1326 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ज्वाली नगर पंचायत को पुनः पंचायतों में परिवर्तित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Road/Transport Safety

***1327 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) has any Road and Transport Safety Audit been ordered by the Government to make Public Transport Safe;

(b) is there any Inter Departmental Mechanism with Public Works Department to know the condition of bad roads to improve them in advance; and

(c) what is the exact shortfall of buses in H.R.T.C.; to meet the shortfall and avoid overloading, is the Corporation planning to purchase/hire new buses?

धनराशि का आवंटन

***1328 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक वन मण्डल चौपाल, रेंज आफिस देहा व वन मण्डल ठियोग के अन्तर्गत विभिन्न कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, कितनी व्यय की गई; ब्यौरा कार्यों के नाम सहित दें; और

(ख) चौपाल मण्डल में पौध रोपण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, कितनी व्यय की गई; ब्यौरा परिक्षेत्रवार व बीटवाईज़ दें?

हेलिपैड

***1329 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हेलिपैड हैं और क्या सरकार नए हेलीपैड बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

चमयाणा पेयजल योजना

***1330 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि लडारी खड्ड से चमयाणा पेयजल योजना विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत है; यदि हां, तो इस योजना की डी0 पी0 आर0 तैयार कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण?

बस सुविधा

***1331 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने बस रूट बन्द किये गये हैं; और

(ख) सीकरेदा परों-वदूही वाया पोलियां पुरोहिता, टिपोह-सिसरा चक्कसराय, त्याई-वेहड़-जसवां-टकारला रूटों पर कब तक बस सुविधा प्रदान की जायेगी?

Vacancy Position

*1332 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of dietitians are there in the State;

(b) how many of these are lying vacant and since when; and

(c) what steps the Government has taken to fill up these posts?

धनराशि का प्रावधान

*1333 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि निर्माणाधीन सरकारी भवनों हेतु धनराशि का प्रावधान ड्राइंग और प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जाता है जिससे भवनों के निर्माण कार्य में अनावश्यक विलम्ब होता है; और

(ख) यदि हां, तो इस व्सवस्था में सुधार करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

सिंचाई योजनाएं

*1334 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल कितनी सिंचाई योजनाएं हैं तथा इनमें से कितनी फंक्शनल है; ब्यौरा दें?

Water ATMs

*1335 **Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that during the last year upto 31.07.2019, how many Water ATMs have been installed under AMRUT Yojna in Municipal Committee Kullu and how many are functional or out of order?

बाईपास निर्माण

*1336 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
सरकार रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत समाला से वाया अढाल-रोहडू तथा चिड़गांव बाजार में बाईपास सड़क बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा?

निजी भवन

*1337 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं जोकि निजी भवनों में चल रही हैं; और

(ख) इनके भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा इनका कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा?

स्नातकोत्तर कक्षाएं

*1338 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार राजकीय महाविद्यालय करसोग में एम0ए0 अर्थशास्त्र, इतिहास तथा एम0कॉम0 की कक्षाएं आरम्भ करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक इन विषयों की कक्षाएं आरम्भ की जाएंगी; यदि नहीं, तो कारण?

Construction of Roads

*1339 **Sh. Nand Lal(Rampur) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-
(a) what is the latest position of Chalari-Patbeda road including construction of two bridges on this road; how much is the provision of funds and by when the work will be completed;

(b) what is the latest position of metalling/tarring of Tikker Khamadi (Nankhari) Deothi-Nehri, Dhandol-Kashgarh and Khanog- Surad-Banagla roads and by when the work will be completed; and

(c) by when the construction work of Lahsa-Chilesa road will be completed; details be given?

पाठशाला का उन्नयन

***1340 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला, घरवासड़ा, शिक्षा खण्ड रिवालसर का उन्नयन कब तक कर दिया जाएगा; और

(ख) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, बगला में विज्ञान की कक्षाएं कब तक प्रारम्भ कर दी जाएंगी?

पर्यटन को बढ़ावा

***1341 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जलोड़ी जोत, लंताना, बागा सराहन व श्रीखण्ड महादेव को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु क्या पग उठा रही है?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांकः 6 अगस्त, 2019. **सचिव।**